तापमान
अधिकतम 31.5 डिग्री
न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि

रायपुर, गुरुवार 7 मई 2026



13 पाटन क्षेत्र में उप मुख्यमंत्री साव ने करोड़ों रुपए के विकास ...



12 जर्जर पानी टंकी को डिसमेंटल करने ...





# बेमेतरा में सियासी घमासान, विकास और जनसमस्याओं पर सत्ता-विपक्ष आमने सामने

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

## भाजपा के दुर्ग लोकसभा सांसद विजय बघेल एवं कांग्रेस से कद्दावर नेता पूर्व मंत्री रविन्द्र चौबे से डॉ हिमांशु द्विवेदी ने बातचीत की

डॉ द्विवेदी ने पूर्व मंत्री चौबे से भाजपा के 02 साल के कार्यकाल के विषय में पूछा से उन्होंने तंज करते हुए कहा कि सरकार के 30 महीने का पेपर कोरा है तो मार्किंग कैसे करूं। कही से काम की शुरुआत तो हो। यह सरकार अपने घोषणा पत्र तक को तो पूरा नहीं कर पाई है। इनके विधायक सड़कों को उपलब्धियों में गिना रहे है, यह तो प्रक्रिया का हिस्सा है। जिले के मंत्री एवं विधायकों को जिले की मूल आवश्यकताओं के लिए काम करना चाहिए।

उन्होंने 2018 में कांग्रेस एवं 2023 के भाजपा के घोषणा पत्र के विषय में कहा कि कांग्रेस ने अपने सरकार में जो जो वादे किए थे उन्हें पूरा किया। भाजपा ने उसी का अनुकरण के घोषणा पत्र तैयार किया था पर पूरे करने में चूक गई। शराबंदी के विषय में उन्होंने कहा कि जिन राज्यों के पूर्ण शराबंदी है वहां तो और ज्यादा मात्रा में शराब बिक रही है, इसलिए इसके लिए हमें जागरूक होना पड़ेगा।

कोरी किताब के विषय में पलटवार करते हुए सांसद विजय बघेल ने कहा कि भाजपा सरकार के कार्यों को जनता देख रही है, कांग्रेस को नहीं दिखने वाला। घोषणा पत्र के वाले को सरकार पूरा कर थिया, 05 साल के लगभग सभी पूरे होंगे। कांग्रेस ने अपने 05 साल के कार्यकाल में केवल आपसी लड़ाई में निकल दिए। उप मुख्यमंत्री केवल बना दिया गया, मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने उनकी हमेशा उपेक्षा की। हमारे भाजपा के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय सरल सहज है, जो जनता के लिए काम कर रहे है।

### सरकार विश्वास पूर्ण कार्य कर रही : बघेल

वहीं सांसद विजय बघेल ने कहा कि 2023 में सभी मीडिया में कांग्रेस सरकार रिपीट होने का दवा किया गया लेकिन हमने विश्वास के साथ काम किया और इसी तरह 2028 में फिर से भाजपा सरकार बनाएगी।



### क्षेत्र का विकास कार्य ठप: चौबे

पूर्व मंत्री रविन्द्र चौबे ने कहा कि छत्तीसगढ़ के भाजपाई जिला प्रधानमंत्री का गुणगान करते है हमने उनको यहीं छत्तीसगढ़ में छुपते हुए देखा है। उन्होंने कहा कि महतारी वंदन के 01 हजार की वसूली सरकार किसानों से वसूल रही है। जिस पीएम आवास का श्रेय लेने में लगे है उसकी महज स्वीकृति हुई है। हमने साजा विधानसभा में 14 कॉलेज बनाए, आज क्षेत्र के विकास काम ठप है, सांसद दौरे तो खूब कर रहे है लेकिन अपेक्षा पूर्ण काम करने की आवश्यकता है। 2028 के चुनाव के संबंध में कहा कि कांग्रेस सरकार आने वाली है। हमारा लगातार जनसंपर्क बढ़ रहा है।

## जिला संवाद 2026 : सत्ता-विपक्ष के बीच आरोपों की बौछार

# हम धरातल पर करते है काम : दीपेश
# सरकार को कोस रही जनता : छाबड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

आईएनएच-हरिभूमि के "जिला संवाद 2026" कार्यक्रम का चौथा सत्र पूरी तरह राजनीतिक बहस और आरोप-प्रत्यारोप के नाम रहा। बेमेतरा विधानसभा के विकास, जनसमस्याओं, पेयजल संकट, सड़कों, अवैध खनन और सरकार की कार्यशैली को लेकर सत्ता और विपक्ष आमने-सामने नजर आए। इस सत्र में प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी ने भाजपा विधायक दीपेश साहू, कांग्रेस जिलाध्यक्ष एवं पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा तथा भाजपा के पूर्व विधायक अवधेश चंदेल से तीखे सवाल पूछे।

### "भाजपा शासन में आम जनता परेशान" : आशीष छाबड़ा

चर्चा की शुरुआत में डॉ. द्विवेदी ने आशीष छाबड़ा से भाजपा सरकार के दो साल के कार्यकाल को लेकर सवाल किया।

छाबड़ा ने कहा कि बेमेतरा विधानसभा का हर आम नागरिक परेशान है और भाजपा सरकार को कोस रहा है। उन्होंने दावा किया कि उनके कार्यकाल में विधानसभा में सबसे बेहतर विकास कार्य हुए थे। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा की नीति "हमने बनाया है और हम ही उजाड़ेंगे" जैसी है। सत्ता में आते ही पूरा क्षेत्र पेयजल संकट से जूझने लगा और अवैध रेत कारोबार को संरक्षण मिला। 2023 के चुनाव में मिली हार को लेकर उन्होंने कहा कि भाजपा ने जिले के एक ज्वलनशील मुद्दे पर राजनीति की थी, लेकिन बाद में केंद्रीय एजेंसियों की जांच रिपोर्ट में सारे आरोप निराधार साबित हुए। उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के पांच वर्षों के कार्यकाल को डॉ. रमन सिंह के 15 वर्षों के शासन से बेहतर बताया।

## चौथे सत्र में बेमेतरा विधानसभा पर घमासान



### चौथे सत्र में चरम पर पहुंचा राजनीतिक तापमान

"जिला संवाद 2026" का चौथा सत्र पूरी तरह राजनीतिक गर्माहट से भरा रहा। सत्ता और विपक्ष के नेताओं ने जहां अपने-अपने कार्यकाल की उपलब्धियां गिनाईं, वहीं एक- दूसरे पर तीखे आरोप भी लगाए। इस बहस ने साफ कर दिया कि बेमेतरा विधानसभा में विकास, पानी, सड़क, शिक्षा और अवैध खनन जैसे मुद्दे आने वाले समय में भी राजनीति के केंद्र में बने रहेंगे।

### "कांग्रेस के पास मुद्दा नहीं" - दीपेश साहू

इस पर पलटवार करते हुए विधायक दीपेश साहू ने कहा कि बीरनपुर की घटना साजा विधानसभा क्षेत्र का मामला था और उसकी आड़ लेकर पूर्व विधायक अपनी नाकामियों को छिपाने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि "सब जानते हैं कि मुरूम और रेत की चोरी किसके समय में हुई।" कांग्रेस के पास कोई ठोस मुद्दा नहीं है, इसलिए बेबुनियाद आरोप लगाए जा रहे हैं। दीपेश साहू ने दावा किया कि भाजपा सरकार ने बेमेतरा से अहिवारा, बेमेतरा से चंदनू और बेमेतरा से मुंगेली तक कई महत्वपूर्ण सड़कों की स्वीकृति दिलाई है। उन्होंने कहा कि बेमेतरा में केंद्रीय विद्यालय, पीएससी कोचिंग और लाइब्रेरी भाजपा शासन की देन हैं। बेसिक और आदर्श स्कूलों को लेकर भी भाजपा सरकार गंभीरता से काम कर रही है। उन्होंने कहा कि जिले के तीनों भाजपा विधायक मिलकर जिले के विकास के लिए काम कर रहे हैं। "भूमिपूजन करना कांग्रेस का काम था, हम धरातल पर काम करने में विश्वास रखते हैं।"

### "मुझे सेवा का अवसर मिला, भरपूर काम किया" - अवधेश चंदेल

पूर्व विधायक अवधेश चंदेल ने कहा कि उन्हें पांच वर्षों तक क्षेत्र की सेवा करने का अवसर मिला और उस दौरान उन्होंने कई बड़े विकास कार्य कराए। उन्होंने बताया कि उनके कार्यकाल में 7-8 बड़े पुलों का निर्माण हुआ, बेरला में पॉलिटेक्निक कॉलेज, एसडीएम कार्यालय, छात्राओं के लिए कॉलेज, कृषि महाविद्यालय और पावर स्टेशन जैसी सुविधाएं शुरू हुईं। 2023 में टिकट कटने के सवाल पर उन्होंने कहा कि पार्टी ने उन्हें सम्मान और अवसर दोनों दिए हैं। अब संगठन में जो जिम्मेदारी मिली है, वह उसे पूरी निष्ठा से निभा रहे हैं। उन्होंने विष्णुदेव साय सरकार के दो वर्षों के कार्यकाल को महिलाओं और किसानों के लिए उपयोगी बताया।

### "विधायक क्षेत्र से नदारद" - फिर गरमाई बहस

चर्चा के दौरान आशीष छाबड़ा ने विधायक दीपेश साहू पर क्षेत्र से नदारद रहने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि विधायक जनता के बीच कम और रायपुर के रेस्ट हाउस में ज्यादा दिखाई देते हैं। उन्होंने कहा कि बीते ढाई वर्षों में किसान परेशान हैं और धान तक नहीं बेच पा रहे हैं। नवागढ़ विधानसभा के एक गांव द्वारा सुशासन तिहार का विरोध किया जाना सरकार की जमीनी स्थिति को दर्शाता है। छाबड़ा ने कहा कि केवल स्वीकृतियां गिनाने से विकास नहीं होता, धरातल पर काम दिखना चाहिए।

### "मैं बंगला नहीं खरीद सकता, इसलिए रेस्ट हाउस में रुकता हूं" - दीपेश साहू:

इन आरोपों का जवाब देते हुए विधायक दीपेश साहू ने कहा कि उन्होंने लगातार विधानसभा में मेडिकल कॉलेज की मांग उठाई है। उन्होंने कांग्रेस पर केवल योजनाओं के नाम बदलने की राजनीति करने का आरोप लगाया और कहा कि "मैं कांग्रेस के पूर्व विधायक जैसा बंगला नहीं खरीद सकता, इसलिए राजधानी जाने पर सरकारी रेस्ट हाउस में रुकता हूं।" उन्होंने कहा कि भाजपा ऐसी सरकार है जो समस्या आने से पहले समाधान पर काम करती है।

## नांदघाट क्षेत्र में बोर खनन माफिया सक्रिय, प्रतिबंध के बावजूद धड़ल्ले से खुदाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नांदघाट

नांदघाट क्षेत्र में एक ओर प्रशासन जल उपलब्धता को लेकर बेमेतरा जिले को लाल निशान में बता रहा है, वहीं दूसरी ओर बोर खनन माफिया बेखौफ होकर धरती का सीना चीर रहे हैं। हैरानी की बात यह है कि टेमरी, जिसे राज्यपाल का गोद ग्राम है, वहां भी खुलेआम बोर खुदाई का काम जारी है। स्थानीय लोगों के अनुसार आसपास के क्षेत्रों में भी प्रतिबंध के बावजूद माफिया मनमाने दाम वसूलकर बोरिंग करवा रहे हैं। जल संकट की स्थिति को देखते हुए प्रशासन द्वारा लगाए गए नियमों की खुलेआम अनदेखी की जा रही है।

### कार्रवाई सिर्फ कागजों तक सीमित?

ग्रामीणों का आरोप है कि अवैध खनन के खिलाफ कार्रवाई के नाम पर सिर्फ कागजी खानापूर्ति की जा रही है। मौके पर प्रभावी कार्रवाई नहीं होने से माफियाओं के हौसले बुलंद हैं और वे बिना किसी डर के अपने काम को अंजाम दे रहे हैं।

# रिपोर्ट कार्ड, जनता सब देख रही : विजय सिन्हा

आईएनएच-हरिभूमि के "जिला संवाद 2026" कार्यक्रम के पहले सत्र में शहर के विकास, जल समस्या, महिलाओं की भागीदारी और राजनीतिक पारदर्शिता जैसे मुद्दों पर सत्ता पक्ष और विपक्ष आमने-सामने नजर आए। कार्यक्रम का पहला सत्र बेहद रोचक, तीखा और आरोप-प्रत्यारोप से भरपूर रहा।

इस सत्र का संचालन आईएनएच के नेशनल ब्यूरो हेड शैलेश पांडेय ने किया। उन्होंने सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों से जुड़े प्रतिनिधियों से सीधे सवाल पूछते हुए संवाद को धारदार बनाया। मंच पर सत्ता पक्ष की ओर से विजय सिंहा (नगर पालिका अध्यक्ष), अजय साहू (भाजपा जिलाध्यक्ष) और प्रज्ञा निर्वाणी (महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष) मौजूद रहे। वहीं विपक्ष की ओर से प्रांजल तिवारी (यूथ कांग्रेस जिलाध्यक्ष) और रश्मि मिश्रा (पार्षद) ने मोर्चा संभाला।

**शहर विकास पर भिड़े सत्ता और विपक्ष:** सबसे पहले शैलेश पांडेय ने विजय सिंहा से बेमेतरा शहर के विकास को लेकर सवाल किया। जवाब में विजय सिंहा ने बीते एक वर्ष में करोड़ों रुपये की स्वीकृतियों और विकास कार्यों का उल्लेख करते हुए कहा कि जनता ने उनके पिछले पांच वर्षों के कार्यकाल को देखकर ही दोबारा विश्वास जताया है। हालांकि विपक्ष की ओर से बैठे प्रांजल तिवारी ने इन दावों को सिरे से खारिज कर दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि शहर में भाजपा विधायक और नगर पालिका अध्यक्ष के बीच खींचतान चल रही है और विकास कार्यों के बजाय केवल ठेकेदारों से कमीशन लेने का काम हो रहा है। उन्होंने कहा कि वास्तविक विकास कांग्रेस कार्यकाल में हुआ था, जो आज भी जमीन पर दिखाई देता है।

इस पर पलटवार करते हुए विजय सिंहा ने कहा कि कांग्रेस शासनकाल में "घर बैठे टेंडर" हुआ करते थे, जबकि वर्तमान भाजपा सरकार पूरी पारदर्शिता के साथ काम कर रही है। उन्होंने विष्णुदेव साय सरकार की घोषणाओं को ऐतिहासिक बताया।

## विकास बनाम कमीशनखोरी पर गरमाई बहस



### महिलाओं की भागीदारी पर भी उठा सवाल

महिला नेतृत्व को लेकर भी मंच पर तीखी चर्चा हुई। प्रज्ञा निर्वाणी ने कांग्रेस पर महिलाओं को पीछे धकेलने का आरोप लगाया और कहा कि भाजपा महिलाओं को नेतृत्व के अवसर देने में विश्वास रखती है। हालांकि प्रांजल तिवारी ने सोसायटी अध्यक्षों में महिलाओं की नियुक्ति को लेकर सवाल उठाया, जिस पर प्रज्ञा निर्वाणी कुछ देर शांत नजर आईं। इसके बाद स्थिति संभालते हुए अजय साहू ने कहा कि भाजपा महिलाओं को बड़े दायित्वों पर बैठाने का काम करती है और पार्टी में महिलाओं की भागीदारी लगातार बढ़ रही है।

## जल संकट पर भी छिड़ी बहस

### भाजपा ने हमेशा बुनियादी समस्याओं के समाधान को प्राथमिकता दी : अजय साहू

जिला भाजपा अध्यक्ष अजय साहू ने कहा कि बेमेतरा शहर की वर्षों पुरानी जल समस्या का समाधान भाजपा की नगर सरकार ने गंभीरता और प्रतिबद्धता के साथ किया। वहीं कांग्रेस पार्षद रश्मि मिश्रा ने पलटवार करते हुए आरोप लगाया कि जल संकट के दौरान दीपेश साहू जनता के बीच नजर नहीं आए। उन्होंने कहा कि शहर की जनता को उस दौरान भारी परेशानी झेलनी पड़ी। अजय साहू ने जवाब में डॉ. रमन सिंह सरकार की उपलब्धियों को गिनाते हुए कहा कि भाजपा ने हमेशा बुनियादी समस्याओं के समाधान को प्राथमिकता दी है।

### पहले सत्र ने बढ़ाया राजनीतिक तापमान

"जिला संवाद 2026" का पहला सत्र राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप, विकास के दावों और जमीनी मुद्दों पर बहस के कारण बेहद चर्चित रहा। सत्ता और विपक्ष के बीच हुई तीखी नोकझोंक ने कार्यक्रम में मौजूद लोगों की उत्सुकता बनाए रखी और लोकतांत्रिक संवाद की जीवंत तस्वीर पेश की।







## कार्यालय संचालक, पैरामेडिकलकोर्स
NSDC-SDMS केंद्र क्र. 86549

### एकवर्षीय/द्विवर्षीय डिप्लोमा/पोस्ट डिप्लोमा कोर्स के लिए आवेदन आमंत्रित

निम्नतालिका अनुसार के विभिन्न संभागों के विभिन्न जिलों में वे किसी भी विषय में प्राप्तांकों के अनुसार के द्वारा प्रमाणित विभिन्न पैरामेडिकल पाठ्यक्रम में हेतु आवेदन आमंत्रित है।

| जिलों का नाम | (DMLT) डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्निक | (OT) पोस्ट डिप्लोमा इन ओटी टेक्निक | (DIALYSIS) डिप्लोमा इन डायलिसिस | (YOGA) (योगा) | (NURSING ASSISTANT) नर्सिंग असिस्टेंट | (WARD BOY) वार्ड ब्वॉय | (DRESSER) ड्रेसर |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| धमतरी | 20 | 20 | 10 | 10 | 20 | 20 | 10 |
| रायपुर | 60 | 30 | 30 | 60 | 60 | 30 | 25 |
| बिलासपुर | 30 | 20 | 20 | 60 | 60 | 30 | 25 |
| जांजगीर | 30 | 30 | 10 | 60 | 60 | 10 | 25 |
| सरायपाली | 30 | 20 | 10 | 60 | 60 | 20 | 25 |

**आवेदन हेतु 10 वीं, 12वीं कक्षा फेल, किसी भी ग्रुप वाले, जो हेल्थकेयर क्षेत्र में करियर बनाना चाहते हैं। जो छात्र पढ़ाई छोड़ चुके हैं वे आवेदन कर सकते हैं। उम्मीदवार को वाट्सअप नं. पर काऊंसिलिंग हेतु सूचित किया जायेगा। (वाट्सअप नम्बर अनिवार्य है।) आवेदक को अपने अभिभावक के साथ आना अनिवार्य है।**

**नोट :-** (1) आवेदक निम्न दिए गए आवेदन पत्र को कम्प्यूटर द्वारा टाइप कराकर पूर्ण विवरण अपने हाथों से भरें और अपना स्वयं का पता स्पष्ट पूरा पिन कोड लिखकर रजिस्ट्री द्वारा निम्न पते पर भेजें। साथ ही 50 रुपए का डाक टिकट लगा हुआ 10x4 का सफेद लिफाफे में अपना स्वयं का पता स्पष्ट लिखकर स्पीड पोस्ट द्वारा कार्यालय के निम्न पते पर भेजें। आवेदन पोस्ट द्वारा नियत तिथि तक ही स्वीकार किया जायेगा। चयनित उम्मीदवारों को कॉल लेटर द्वारा काउसिलिंग हेतु सूचित किया जायेगा। (2) केवल आवेदक ही काउंसिलिंग में प्रवेश हेतु पात्र होंगे। (3) सभी जिलों के विद्यार्थी आवेदन कर सकते है।

**आवेदक पत्र डाक द्वारा भेजने की तिथि** - 10.05.2026
**आवेदक पत्र कार्यालय में जमा करने की अंतिम तिथि** - 11.06.2026

**प्रति,**
**कार्यसंचालक** (NSDC)
**मॉडर्न इंस्ट्रीट्यूट ऑफ पैरामेडिकल साईंस** (MIPS)
**शीतला चौक, जलगृह मार्ग रोड़,**
**भाठागांव रायपुर (छ.ग.) पिन-492013**

**प्रति,**
**कार्य संचालक पैरा मेडिकल कोर्स**

**महोदय,**

.................................पाठ्यक्रम में चयन हेतु मैं अपना आवेदन प्रस्तुत कर रहा रही हूँ।

1. आवेदक का नाम .................................
2. पिता/पति का नाम .................................
3. जन्मतिथि अंकों में .................................
4. अनु. जाति /अनु. जनजाति / अन्य पिछड़ा वर्ग .................................
5. पत्र व्यवहार का पता पिन कोड सहित .................................
   मोबाइल नंबर .................................
6. केंद्र का नाम जहां चयन पश्चात प्रवेश लेना चाहते है .................................
7. शैक्षणिक योग्यता .................................

Skill India
कौशल भारत - कुशल भारत

**नोट : - (1)** आवेदक द्वारा एक ही फॉर्म में यदि वे एक से अधिक कोर्स का चयन करते हैं तो (ऑब्लिक (/) करके या (,) का प्रयोग कर सकता है। (2) पूर्व में आवेदन किये हुए अभ्यर्थी फिर से आवेदन ना करें। (3) जो काउंसिलिंग में उपस्थिति दे पायें वे ही आवेदन करें।

## जिला संवाद 2026 : युक्तियुक्तकरण के बाद जिले के स्कूलों में शिक्षकों की व्यवस्था लगभग पर्याप्त हो गई

# प्रशासनिक व्यवस्था, कानून-व्यवस्था और विकास पर खुलकर बोले कलेक्टर-एसपी, पानी से लेकर उद्योग तक पर हुई गंभीर चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

आईएनएच-हरिभूमि के "जिला संवाद 2026" कार्यक्रम के दूसरे सत्र में जिले की प्रशासनिक व्यवस्था, कानून-व्यवस्था, शिक्षा, स्वास्थ्य और विकास से जुड़े मुद्दों पर गहन चर्चा हुई। इस सत्र में मंच पर जिले की कलेक्टर प्रतिष्ठा ममगाई और पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू मौजूद रहे, जिनसे प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी ने सीधे सवाल किए। संवाद के दौरान जिले की प्रमुख समस्याओं, उद्योगों के विस्तार, कानून-व्यवस्था, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं जैसे विषयों पर अधिकारियों ने खुलकर अपनी बात रखी।

### चार महीने का अनुभव बेहद सकारात्मक - कलेक्टर प्रतिष्ठा ममगाई

डॉ. द्विवेदी ने जब प्रतिष्ठा ममगाई से बेमेतरा जिले में उनके अब तक के अनुभव के बारे में पूछा तो उन्होंने कहा कि बीते चार महीनों का अनुभव काफी सकारात्मक रहा है। उन्होंने बताया कि जिले में अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के बीच बेहतर तालमेल देखने को मिला है, जिससे प्रशासनिक कार्यों में गति आई है।

जिले की प्रमुख समस्याओं के सवाल पर कलेक्टर ने कहा कि बेमेतरा एक कृषि प्रधान जिला है और यहां सबसे बड़ी चुनौती पानी की उपलब्धता है। उन्होंने चिंता जताई कि भू-जल स्तर तेजी से गिर रहा है, जिससे किसानों को गंभीर परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

### जनता भी संतुष्ट, मैं भी संतुष्ट" - एसपी रामकृष्ण साहू

जिले में करीब ढाई वर्षों के अपने कार्यकाल को लेकर रामकृष्ण साहू ने कहा कि जनता भी पुलिस व्यवस्था से संतुष्ट है और वे स्वयं भी अपने कार्यकाल को सकारात्मक मानते हैं। राजनीतिक हस्तक्षेप के सवाल पर एसपी ने स्पष्ट कहा कि ऐसी कोई स्थिति नहीं है और पुलिस पूरी निष्पक्षता से आमजन की समस्याओं को दूर करने का काम कर रही है।

विपक्ष द्वारा लगातार किए जा रहे धरना-प्रदर्शन और विरोध को लेकर उन्होंने कहा कि राजनीतिक दलों के लिए अपनी उपस्थिति दर्ज कराना आवश्यक होता है और वे पार्टी के निर्देशानुसार प्रदर्शन करते हैं। उन्होंने कहा कि जिले में पुलिसिंग को लेकर आम लोगों में संतोष का माहौल है।

**रेत और मुरूम चोरी पर भी पूछे गए सवाल:** ला एंड ऑर्डर बनाए रखने में आने वाली चुनौतियों पर एसपी साहू ने कहा कि सभी पक्षों के सहयोग से समस्याओं का समाधान निकाल लिया जाता है।



**कृषि से उद्योग की ओर बढ़ता बेमेतरा**

जब डॉ. द्विवेदी ने जिले में बढ़ते औद्योगिक विस्तार पर सवाल किया तो कलेक्टर ने कहा कि रायपुर की निकटता और राष्ट्रीय राजमार्ग की सुविधा के कारण जिले में तेजी से उद्योग स्थापित हो रहे हैं। कलेक्टर ने कहा कि प्रशासन का प्रयास है कि उद्योगों से स्थानीय लोगों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। नए उद्योगों को लेकर लोगों के मन में फायदे और नुकसान दोनों तरह की आशंकाएं रहती हैं, लेकिन प्रशासन हर स्थिति में समुचित समाधान निकालने का प्रयास करता है।

**शिवनाथ नदी में रेत चोरी के सवाल पर** : उन्होंने कहा कि ऐसा कोई बड़ा मामला सामने नहीं आया है। अधिकांश समय नदी में बाढ़ की स्थिति रहती है, जिससे रेत निकालना संभव नहीं होता। हालांकि आसपास के लोग घरेलू उपयोग के लिए थोड़ा-बहुत रेत ले जाते होंगे। लाल मुरूम चोरी के संबंध में उन्होंने कहा कि समय-समय पर शिकायत मिलने पर कार्रवाई की जाती है।

### शिक्षा और स्वास्थ्य पर प्रशासन का फोकस

शिक्षा व्यवस्था पर कलेक्टर प्रतिष्ठा ममगाई ने कहा कि इस बार जिले ने बोर्ड परीक्षाओं में बेहतर परिणाम दिए हैं और अगले सत्र में इससे भी बेहतर प्रदर्शन का लक्ष्य रखा गया है।

उन्होंने बताया कि युक्तियुक्तकरण के बाद जिले के स्कूलों में शिक्षकों की व्यवस्था लगभग पर्याप्त हो गई है। स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर उन्होंने कहा कि जिले ने लगभग 90 प्रतिशत लक्ष्य हासिल कर लिया है, हालांकि अस्पतालों में विशेषज्ञ डॉक्टरों की कमी अभी भी चुनौती बनी हुई है। प्रशासन इस कमी को दूर करने का प्रयास कर रहा है।

### डीएमएफ और अपराध नियंत्रण पर भी चर्चा

डीएमएफ राशि के वितरण को लेकर पूछे गए सवाल पर कलेक्टर ने कहा कि यह विकास के लिए बड़ा अवसर है और राशि के उपयोग में किसी प्रकार का दबाव नहीं है। आवश्यकता के अनुसार विकास कार्य किए जा रहे हैं।

अपराधिक मामलों और नशे के कारोबार पर एसपी रामकृष्ण साहू ने कहा कि जिले में पुलिस का अच्छा नियंत्रण है और गांजा तस्करी जैसे बड़े मामले सामने नहीं आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि अपराध नियंत्रण के लिए जनसामान्य का सहयोग भी बेहद आवश्यक है।

### संवाद ने दिखाया प्रशासन का पक्ष

"जिला संवाद 2026" के दूसरे सत्र में प्रशासनिक अधिकारियों ने जिस स्पष्टता और खुलेपन से सवालों के जवाब दिए, उसने कार्यक्रम को और अधिक सार्थक बना दिया। विकास, कानून-व्यवस्था, शिक्षा, स्वास्थ्य और संसाधनों के प्रबंधन जैसे मुद्दों पर हुई इस चर्चा ने जिले की वर्तमान स्थिति और भविष्य की चुनौतियों की साफ तस्वीर सामने रखी।

# शिक्षा, रोजगार और उद्योग पर मंथन, विशेषज्ञों ने बताई बेमेतरा की असली जरूरतें

**बेमेतरा।** आईएनएच-हरिभूमि के "जिला संवाद 2026" कार्यक्रम के तीसरे सत्र में जिले के व्यापार, शिक्षा, उद्योग और भविष्य की संभावनाओं पर गंभीर मंथन हुआ। इस सत्र में जिले के वरिष्ठ व्यापारियों, शिक्षाविदों और उद्योग जगत से जुड़े लोगों ने खुलकर अपनी राय रखी और बेमेतरा की मूलभूत जरूरतों को सामने रखा। कार्यक्रम में डॉ. हिमांशु द्विवेदी ने विशेषज्ञों से सीधे संवाद करते हुए जिले की शिक्षा व्यवस्था, रोजगार, औद्योगिकरण और विकास की दिशा को लेकर सवाल पूछे। इस चर्चा में समाधान महाविद्यालय के संचालक अवधेश पटेल, एकेडमिक वर्ल्ड स्कूल के सीईओ विनीत राजौरिया, चैंबर ऑफ कॉमर्स के प्रदेश उपाध्यक्ष केशव मोटवानी, एलायंस पब्लिक स्कूल के संचालक दीपक अरोरा तथा चाचा डेवलपर्स के डायरेक्टर दिलीप माहेश्वरी शामिल हुए।

### खेती, प्लॉटिंग और आवास योजनाओं पर चर्चा

खेती बनाम प्लॉटिंग के बढ़ते व्यवसाय को लेकर पूछे गए सवाल पर दिलीप माहेश्वरी ने कहा कि जिले में खेती का काम अभी भी अच्छे स्तर पर हो रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना और किफायती आवास योजनाओं के कारण अवैध प्लॉटिंग पर काफी हद तक नियंत्रण हुआ है। बिल्डर्स को सरकार के साथ समन्वय बनाकर काम करना पड़ता है और वर्तमान सरकार की कुछ योजनाएं काफी प्रभावी साबित हुई हैं।

**जिला बना, लेकिन उच्च शिक्षा अब भी बड़ी चुनौती:** डॉ. द्विवेदी ने जब एलॉस स्कूल के डायरेक्टर दीपक अरोरा से पूछा कि जिला बनने के बाद बेमेतरा की अपेक्षाएं कितनी पूरी हुईं, तो उन्होंने कहा कि जिले में आज भी उच्च शिक्षा के बेहतर विकल्प उपलब्ध नहीं हो पाए हैं। उन्होंने कहा कि मेडिकल और इंजीनियरिंग जैसे पेशेवर कोर्स की पढ़ाई के लिए छात्रों को बड़े शहरों की ओर जाना पड़ता है। हालांकि स्कूल शिक्षा के क्षेत्र में बेमेतरा ने अच्छी प्रगति की है और कई निजी स्कूलों ने जिले को नई पहचान दिलाई है।

**जल संकट और कम वन क्षेत्र पिछड़ेपन की बड़ी वजह: केशव:** केशव मोटवानी ने जिले की भौगोलिक और पर्यावरणीय चुनौतियों को सामने रखते हुए कहा कि गिरता जल स्तर और न्यूनतम वन क्षेत्र बेमेतरा के पिछड़ेपन का बड़ा कारण है।

उन्होंने कहा कि तेजी से बढ़ता औद्योगिकरण भविष्य के लिए चिंता का विषय बन सकता है। इसलिए आवश्यक है कि शासन और प्रशासन जिले में कम प्रदूषण वाले उद्योगों को प्राथमिकता दे। रोजगार के मुद्दे पर उन्होंने कहा कि जिले में संभावनाएं अपार हैं, लेकिन रोजगार की स्थिति अभी भी चिंताजनक बनी हुई है।

**बेसिक शिक्षा मजबूत करना जरूरी: विनीत:** विनीत राजौरिया ने कहा कि जिले में बुनियादी शिक्षा पर और अधिक काम करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि बेमेतरा के स्कूलों ने शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किया है और आज जिले की पहचान काफी हद तक यहां के शैक्षणिक संस्थानों से जुड़ चुकी है।

उन्होंने माना कि यदि प्राथमिक और आधारभूत शिक्षा को और मजबूत किया जाए तो जिले के विद्यार्थी राष्ट्रीय स्तर पर बेहतर प्रदर्शन कर सकते हैं।

### शिक्षा की अपार संभावनाएं लेकिन काम नहीं हुआ

अवधेश पटेल ने कहा कि जिले के बच्चों को मजबूरी में उच्च शिक्षा के लिए बाहर जाना पड़ता है। उन्होंने कहा कि बेमेतरा में शिक्षा के क्षेत्र में अपार संभावनाएं मौजूद हैं, लेकिन उस स्तर पर कभी गंभीरता से काम नहीं किया गया। यदि यहां गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा संस्थान विकसित किए जाएं तो जिले के हजारों विद्यार्थियों को बाहर पलायन नहीं करना पड़ेगा।

### तीसरे सत्र में उभरी जिले की असली तस्वीर

"जिला संवाद 2026" के तीसरे सत्र ने बेमेतरा की वास्तविक जरूरतों को सामने लाने का काम किया। शिक्षा, रोजगार, जल संकट, औद्योगिकरण और पर्यावरण जैसे मुद्दों पर विशेषज्ञों ने जिस स्पष्टता से अपनी बात रखी, उसने यह संकेत दिया कि जिले के समग्र विकास के लिए अब बुनियादी आवश्यकताओं पर गंभीरता से काम करने की जरूरत है।

## खबर संक्षेप

### माह भर में पुलिस ने 683 लोगों को खोज निकाला

**भिलाई।** ऑपरेशन तलाश के तहत माह अप्रैल में चलाए गए अभियान के तहत लापता हुए 683 को दुर्ग पुलिस ने खोज निकाला है। इनमें 295 पुरुष, 321 महिलाएं, 52 बच्चे शामिल हैं। एएसपी मणीशंकर चंद्रा ने बताया कि बच्चों में 9 बालक और 43 लड़कियां थीं। सभी को सुरक्षित उनके परिजनों को पुलिस ने सौंप दिया है। ऑपरेशन के लिए कुल 40 टीम बनाई गई थी। बड़े थानों में दो-दो टीम और छोटे थानों में एक-एक टीम लगाई गई। हर टीम को अलग-अलग जिम्मेदारी सौंपी गई थी। पुलिस ने सिर्फ छत्तीसगढ़ में ही नहीं, बल्कि दूसरे राज्यों में भी खोज अभियान चलाया। टीमों को महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश, ओडिशा, तेलंगाना, गुजरात, राजस्थान भेजा गया। इन राज्यों की पुलिस के साथ मिलकर काम किया गया। जिससे कई लापता लोगों का पता लगाया जा सका।

### मजदूर दिवस मनाया

**अंडा।** श्रमिक दिवस के अवसर पर ग्राम भरदा मे चल रहे मनरेगा कार्य के बीच मजदूरों के साथ बैठ कर जनपद पंचायत दुर्ग के पूर्व सभापति व जिला कांग्रेस कमिटी के उपाध्यक्ष टिकेश्वरी लाल देशमुख ने बोरे बासी खाई। इस अवसर पर ग्राम की सरपंच सुनीता भारदीय, पूर्व सरपंच जयप्रकाश भारदीय, स्थानीय पंच चंद्रिका देशमुख, बंसी ठाकुर, अशोक देशमुख आदि उपस्थित थे।

### फर्जी ई चालान मामले में युवक गिरफ्तार

**भिलाई।** घर पर खड़े वाहन और किसी दूसरे शहर से ट्रैफिक कानून उलंघन के लिए लगातार लोगों के पास ई चालान पहुंच रहा है। मिली जानकारी के मुताबिक पिछले दो साल से कुछ ऐसी ही मामला आम्रपाली वनांचल सिटी निवासी ज्योति कांत अग्रवाल के साथ हुआ। इनके वाहन का रजिस्ट्रेशन नंबर इस्तेमाल कर ट्रैफिक नियम का उलंघन रायपुर में होने का झांसा दिया गया। जिसका ई चालान भिलाई निवासी के को मिलता रहा।

## भाजपा की ऐतिहासिक जीत पर सांकरा में जश्न



**पाटन।** भाजपा की तीन राज्यों में ऐतिहासिक जीत पर अमलेश्वर मंडल अंतर्गत ग्राम सांकरा में जश्न मनाया गया। इस अवसर पर भाजयुमो मंडल अध्यक्ष एवं सरपंच रवि सिंगौर ने कार्यकर्ताओं के साथ नंदी चौक में झालमुड़ी और मिठाई खिलाकर खुशी साझा की। जश्न के दौरान कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को बधाई दी और पार्टी की इस जीत को जनसमर्थन का परिणाम बताया। इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि मनहरण सिंगौर, बूथ अध्यक्ष छोटू यादव, तिहारु बघेल, संजय सिंगौर (पंच), तुलाराम सिंगौर (पंच), संतोष सिंगौर, कामता सिंगौर, कृष्णा साहू, लक्ष्मी सिंगौर, यशवंत जांगड़े, उग्रसेन सिंगौर, बिदेश्वर विश्वकर्मा, दानेश्वर सिंगौर, राधे बंधे, तुलसी यादव, संभु सिंगौर, साहिल सिंगौर, कृष्णा सहित अन्य पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

- कार्यकर्ताओं ने मिठाई बांटकर जताई खुशी

# पाटन क्षेत्र में उप मुख्यमंत्री साव ने करोड़ों रुपए के विकास कार्यों की रखी आधारशिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाटन

जिले के नगर पंचायत पाटन में सुशासन तिहार-2026 अंतर्गत आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर में उपमुख्यमंत्री अरुण साव शामिल हुए। उन्होंने यहां पर क्षेत्र के विकास को नई गति देने 9 करोड़ 95 लाख रुपए के विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया। जिसमें 508.40 लाख रूपये की लागत के निर्माण कार्यों का भूमिपूजन और 487.46 लाख रूपये की लागत के निर्माण कार्यों का लोकार्पण शामिल है। इस गरिमामय कार्यक्रम के माध्यम से पाटन की अधोसंरचना को नई मजबूती प्रदान की गई। इस ऐतिहासिक अवसर में सांसद विजय बघेल उपस्थित रहे। इस दौरान नगर पंचायत पाटन के जनप्रतिनिधियों ने उपमुख्यमंत्री अरूण साव को गजमाला पहनाकर स्वागत किया। विकास कार्यों के लोकार्पण के पहले उपमुख्यमंत्री साव ने विकसित कृषि संकल्प अभियान की प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया, जो 20 मई तक गांव-गांव में जाकर कृषि संबंधित नई तकनीक एवं सरकारी की योजनाओं की जानकारी देगा और किसानों के साथ सीधा संवाद करेगा। उन्होंने शिविर का निरीक्षण किया और अधिकारियों को शिकायत एवं मांगों संबंधी आवेदनों का तत्परतापूर्वक निराकरण करने के निर्देश दिये।

- विकसित कृषि संकल्प अभियान के प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



समारोह को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि उपमुख्यमंत्री साव ने कहा कि एक ही दिन में इतने बड़े पैमाने पर विकास कार्यों का लोकार्पण पहले कभी नहीं हुआ। उन्होंने पिछले वर्षों की तुलना करते हुए कहा कि वर्तमान सरकार ने कम समय में अधिक कार्य किए हैं। बीते दो वर्षों में नगर पंचायत पाटन को विभिन्न योजनाओं के तहत लगभग 23 करोड़ 87 लाख रुपये की राशि प्रदान की गई है।

### स्वीकृत राशि के नए कार्यों का भूमिपूजन

इसमें वार्ड क्रमांक 01 स्थित इंदिरानगर स्कूल में 70 लाख रुपये की लागत से बने अतिरिक्त कक्षों का उद्घाटन शामिल रहा। साथ ही वार्ड क्रमांक 03 में 240.16 लाख रुपये की लागत से नवनिर्मित व्यावसायिक परिसर सह सामुदायिक भवन और वार्ड क्रमांक 12 में महामाया मंदिर के समीप 177.30 लाख रुपये की लागत से तैयार सामुदायिक भवन का भी भव्य लोकार्पण किया गया। इसके अतिरिक्त भविष्य की जरूरतों को देखते हुए उपमुख्यमंत्री श्री साव ने पाटन के विभिन्न वार्डों में 508.40 लाख रुपये की स्वीकृत राशि के नए कार्यों का भूमिपूजन किया। इसके अंतर्गत 195.89 लाख रुपये की लागत के विभिन्न 44 निर्माण एवं विकास कार्यों की आधारशिला रखी गई।

## अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस पर विद्युत ठेका कर्मचारियों का किया सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाटन

नगर पालिका परिषद अम्लेश्वर स्थित प्रेस क्लब अम्लेश्वर के तत्वावधान में अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस के अवसर पर अटल परिसर के पास विद्युत विभाग के ठेका कर्मचारियों का सम्मान किया गया। इस अवसर पर विगत 15 वर्षों से ठेकेदार के अंतर्गत कार्यरत बिजली विभाग के दो कर्मचारियों रवि जांगड़े एवं महेश सेन को शाल, श्रीफल एवं मग भेंटकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत छत्तीसगढ़ महतारी के जयकारे के साथ हुई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित सेवानिवृत्त शिक्षक परसराम साहू उपस्थित रहे, जबकि विशेष अतिथि के रूप में शिक्षक ललित बिजौरा शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रेस क्लब अध्यक्ष करन साहू द्वारा की गई। वक्ताओं ने मजदूर दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए श्रमिकों के सम्मान एवं उनके अधिकारों के प्रति जागरुकता पर जोर दिया। मुख्य अतिथि परसराम साहू ने अपने उद्बोधन में कहा कि अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस, जिसे 'मई दिवस' के रूप में भी जाना जाता है, हर वर्ष 1 मई को मनाया जाता है। यह दिन मेहनतकश मजदूरों और श्रमिकों के योगदान को समर्पित है तथा उनके अधिकारों की रक्षा और शोषण रोकने का संदेश देता है।

- रवि जांगड़े एवं महेश सेन को किया सम्मानित

# माता-पिता और गुरु की बातों को विद्यार्थी तवज्जो दें, परिणाम अच्छे आएंगे : बारले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

बोर्ड कक्षाओं के वार्षिक परीक्षा 2026 परिणाम आने के बाद सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जामगांव आर डॉ. हेडगेवार सदन में प्रतिभावान विद्यार्थियों के माता-पिता के सम्मान के लिए समारोह का आयोजन हुआ। समारोह में कक्षा 12वीं, 10वीं, 8 वीं एवं 5वीं के टॉप श्री विद्यार्थियों के माता-पिता शामिल हुए। भगवान राम का तैल चित्र एवं श्रीफल से बच्चो के हाथों माता-पिता का सम्मान विद्यालय परिवार ने कराया।

विद्यालय में 12 वी लोमस सोनवानी 80 प्रतिशत, 10 वी नारायणी 86.5 प्रतिशत, 8 वी हुलेश साहू 76 प्रतिशत एवं 5वी अर्णव धीवर 83 प्रतिशत प्रतिभा अंक के साथ कक्षा में प्रथम रहे। सम्मान समारोह में सामूहिक स्वल्पाहार की व्यवस्था रखी गई। प्राचार्य पीएल बारले ने बताया कि शिक्षा सत्र 2026-27 के लिए प्रवेश प्रारंभ हो चुका है। ग्रीष्मकालीन अवकाश में भी प्रवेश जारी रहेगा। माता पिता ने बच्चों का तिलक कर सम्मान किए।



### माता-पिता की सजगता बच्चो के परिणाम में सहायक

प्राचार्य पीएल बारले ने सम्मान समारोह में कहा कि माता-पिता की सजगता पर ही गुरु का मेहनत बच्चों में प्रतिभा के रंग भरने में कामयाब होते हैं। बच्चे माता-पिता का बात ना माने तो गुरु की बात मानने की सोचना बेमानी होती है जो असफल विद्यार्थियों के परिणाम में साफ-साफ झलकता है। उन्होंने कहा कि माता-पिता की बातों को तवज्जो देने वाले विद्यार्थियो को गुरुजन मोटिवेट करने में सफल होते है। परिक्षेत्रीय साहू समाज पूर्व अध्यक्ष कामता प्रसाद साहू ने सम्मान समारोह में कहा कि जिगर के टुकड़े को संस्कारित शिक्षा दिलाकर अपना और संतान का भविष्य संवारे। केवल धन कमाने की मशीन बनाने की भूल ना करे।संस्कार विहीन संतान धनवान होकर माता पिता को रुला सकते है रोटी कपड़ा मकान के लिए मोहताज कर सकते है। वृद्धा आश्रम पहुंचा सकते है।

**न्यायालय नायब तहसीलदार साजा जिला बेमेतरा (छ.ग.)**
**// ईश्तहार //**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता ग्राम तेन्दुवा प.ह.न. 06 तहसील साजा जिला बेमेतरा को सूचित किया जाता है कि कार्यालय उपायुक्त, सहकारिता एवं उप पंजीयक सहकारी संस्थाए जिला बेमेतरा (छ.ग.) के पत्र क्रमांक/ उपं./ बेमे./ साख/ 2026/ 200 बेमेतरा दिनांक 11.03.2026 द्वारा छत्तीसगढ़ की प्राथमिक साख सहकारी सोसायटियों की पुनर्गठन योजना 2025 के तहत नवीन प्राथमिक साख सहकारी समिति तेन्दुवा का पंजीयन किया गया है। उक्त नवीन पंजीकृत समिति के गोदाम सह कार्यालय निर्माण एवं धान उपार्जन हेतु ग्राम तेन्दुवा प.ह.न. 06 तहसील साजा जिला बेमेतरा स्थित भूमि ख.न. 1369 रकबा 5.68 हे. मे से रकबा 4.0000 हे. का मांग किया गया है ।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा- आपत्ति हो तो नियत पेशी तिथि 28.05.2026 तक स्वयं अथवा किसी विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकता है । समयावधि के पश्चात आपत्ति प्राप्त होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से आज दिनांक 27.04.2026 को जारी किया जाता है ।

मुहर

नायब तहसीलदार
साजा जिला-बेमेतरा (छ.ग.)

**न्यायालय नायब तहसीलदार साजा जिला बेमेतरा (छ.ग.)**
**// ईश्तहार //**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता ग्राम कंदई प.ह.न. 07 तहसील साजा जिला बेमेतरा को सूचित किया जाता है कि कार्याल उपायुक्त, सहकारिता एवं उप पंजीयक सहकारी संस्थाए जिला बेमेतरा (छ.ग.) के पत्र क्रमांक/ उपं./ बेमे./ साख/ 2026/ 200 बेमेतरा दिनांक 11.03.2026 द्वारा छत्तीसगढ़ की प्राथमिक साख सहकारी सोसायटियों की पुनर्गठन योजना 2025 के तहत नवीन प्राथमिक साख सहकारी समिति कंदई का पंजीयन किया गया है। उक्त नवीन पंजीकृत समिति के गोदाम सह कार्यालय निर्माण एवं धान उपार्जन हेतु ग्राम कंदई प.ह.न. 07 तहसील साजा जिला बेमेतरा स्थित भूमि ख.न. 401/1 रकबा 1.95 हे. का मांग किया गया है ।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा- आपत्ति हो तो नियत पेशी तिथि 28.05.2026 तक स्वयं अथवा किसी विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकता है । समयावधि के पश्चात आपत्ति प्राप्त होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से आज दिनांक 27.04.2026 को जारी किया जाता है ।

मुहर

नायब तहसीलदार
साजा जिला-बेमेतरा (छ.ग.)





विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130



## विभूतियों का सम्मान....









जनसेवा के कार्यों को मिली सराहना जनप्रतिनिधियों ने बढ़ाया हौसला

# जिला संवाद मंच पर समाजसेवियों का सम्मान पांच उत्कृष्ट शख्सियतों को मिला सम्मान



**बेमेतरा।** जिला संवाद कार्यक्रम के मंच पर समाजसेवा और जनहित में उत्कृष्ट योगदान देने वाली पांच विशिष्ट शख्सियतों का सम्मान किया गया। इस अवसर पर प्रधान संपादक हिमांशु द्विवेदी, मंत्री दयाल दास बघेल, सांसद विजय बघेल, पूर्व मंत्री रविन्द्र चौबे, विधायक दीपेश साहू सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। कार्यक्रम में उन लोगों और संस्थाओं को सम्मानित किया गया, जिन्होंने समाज में निस्वार्थ सेवा का उदाहरण प्रस्तुत किया है। सम्मानित होने वालों में शहर में मात्र 20 रुपए में भरपेट भोजन उपलब्ध कराने वाली संस्था श्री राम रसोई, सामाजिक कार्यों में सक्रिय सहयोग संस्था, घरों और संस्थानों में जाकर जहरीले जीव-जंतुओं को निःशुल्क पकड़ने की सेवा देने वाले मनीष पाटिल, पर्यावरण संरक्षण और जागरूकता के क्षेत्र में कार्यरत अधिवक्ता भाग्यश्री पोल, तथा सायकल से घूम-घूमकर घायल गोवंश और मूक पशुओं का निःशुल्क इलाज करने वाले देव ताम्रकार शामिल रहे। कार्यक्रम के दौरान सभी जनप्रतिनिधियों ने इन सेवाभावी व्यक्तित्वों के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे प्रयास समाज के लिए प्रेरणादायक हैं और दूसरों को भी जनसेवा के लिए आगे आने की प्रेरणा देते हैं।







# संवाद ने बढ़ाया राजीतिक तापमान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बेमेतरा

आईएनएच-हरिभूमि के "जिला संवाद 2026" कार्यक्रम के पांचवें सत्र में राजनीति का तापमान चरम पर पहुंच गया। इस सत्र में सत्ता और विपक्ष के वरिष्ठ नेताओं ने जिले की राजनीति, विकास, अपराध, सिंचाई, शराब नीति और जनसमस्याओं को लेकर खुलकर अपनी बात रखी।

प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी ने कांग्रेस और भाजपा के नेताओं से सीधे और गंभीर सवाल पूछे, जिनके जवाबों में राजनीतिक कटाक्ष, आरोप-प्रत्यारोप और अपनी-अपनी उपलब्धियों के दावे देखने को मिले। इस सत्र में कांग्रेस से पूर्व विधायक गुरुदयाल बंजारे, भाजपा से पूर्व विधायक लाभचंद बाफना, भाजयुमो प्रदेशाध्यक्ष राहुल टिकरिहा तथा कांग्रेस कोषाध्यक्ष रवि परगनिहा शामिल हुए।

**"सत्ता आती-जाती रहती है, मैं हमेशा मुस्कुराया" - गुरुदयाल बंजारे:** डॉ. द्विवेदी ने जब गुरुदयाल बंजारे से कांग्रेस के सत्ता से बाहर होने और बीते दो वर्षों के अनुभव पर सवाल किया, तो उन्होंने मुस्कुराते हुए कहा कि सत्ता के आने-जाने से उन्हें कभी फर्क नहीं पड़ा। उन्होंने कहा कि नवागढ़ विधानसभा की जनता उनके कार्यकाल और वर्तमान भाजपा मंत्री के कार्यकाल की तुलना कर रही है। बंजारे ने आरोप लगाया कि वर्तमान राजनीतिक माहौल ऐसा बना दिया गया है कि नवागढ़ में भाजपा और कांग्रेस के लोग साथ बैठकर बातचीत तक नहीं कर सकते। 2023 में टिकट कटने के सवाल पर उन्होंने कहा कि पार्टी हाईकमान ने समीकरणों के आधार पर निर्णय लिया था और उन्होंने हर जिम्मेदारी को निष्ठा से निभाया। उन्होंने एक रोचक प्रसंग साझा करते हुए कहा कि टिकट कटने के बाद भाजपा के "मंत्री चाचा" का फोन आया था और उन्होंने आशीर्वाद मांगा था। "मैंने शुभकामनाएं दीं और वो उनको लग गई," इस टिप्पणी पर कार्यक्रम में मौजूद लोग मुस्कुराते नजर आए। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि वर्तमान मंत्री के दो वर्षों के कार्यकाल की "सबसे बड़ी उपलब्धि" तीन नई शराब दुकानों का खुलना रही है। साथ ही दावा किया कि नवागढ़ क्षेत्र बीते दो वर्षों में अपराध के मामलों में आगे रहा है।

**16 एफआईआर हुई, लेकिन जनता की लड़ाई नहीं छोड़ी - राहुल टिकरिहा:** जब डॉ. द्विवेदी ने राहुल टिकरिहा से पूछा कि प्रदेश स्तर का दायित्व मिलने के बाद क्या वे बेमेतरा से दूर हो गए हैं, तो उन्होंने कहा कि उन्होंने कभी बेमेतरा नहीं छोड़ा। उन्होंने कहा कि आज भी वे क्षेत्र की जनता के बीच सक्रिय हैं और अपने दायित्वों के तहत लगातार सेवा कार्य कर रहे हैं। राहुल टिकरिहा ने आरोप लगाया कि कांग्रेस उनके जिला पंचायत सदस्य बनने के समय से ही उनके पीछे पड़ी हुई है। उन्होंने कहा कि पिछले चार वर्षों में उन पर 16 एफआईआर दर्ज हुईं, लेकिन उन्होंने जनता की लड़ाई लड़ना बंद नहीं किया। उन्होंने कहा कि बेमेतरा की सबसे बड़ी आवश्यकता बैराज और सिंचाई परियोजनाएं हैं और भाजपा सरकार इस दिशा में लगातार काम कर रही है।

### साजा को सजाने का काम भाजपा ने किया: लाभचंद बाफना

लाभचंद बाफना ने कहा कि उन्हें साजा विधानसभा की सेवा का अवसर मिला और उन्होंने पूरी निष्ठा से विकास कार्य कराए। उन्होंने कहा कि जो विधानसभा कभी एक परिवार के एकछत्र प्रभाव में थी, उसे भाजपा ने प्रतिस्पर्धी और विकासशील विधानसभा में बदल दिया। बाफना ने कहा कि "साजा विधानसभा को हमने सजाया और अब ईश्वर साहू उसे आगे बढ़ाने का काम कर रहे हैं।"

### डबल इंजन सरकार का लाभ नहीं मिला - रवि परगनिहा

कांग्रेस नेता रवि परगनिहा ने कहा कि बेमेतरा जिले को एक मंत्री और प्रभारी के रूप में उप मुख्यमंत्री मिलने के बावजूद कोई विशेष लाभ नहीं मिला। उन्होंने आरोप लगाया कि विष्णुदेव साय सरकार में विकास कार्य ठप पड़े हैं और पंचायत स्तर तक फंड की कमी बनी हुई है। उन्होंने कहा कि सरपंचों को समय पर राशि नहीं मिल रही और वे कर्ज व उधारी में काम चलाने को मजबूर हैं। रवि परगनिहा ने कहा कि कांग्रेस एक मजबूत विपक्ष की भूमिका निभा रही है और लगातार जनता के बीच जाकर उनकी समस्याएं सुन रही है।

### पांचवें सत्र में दिखा राजनीति का असली रंग

"जिला संवाद 2026" का पांचवां सत्र राजनीतिक बयानबाजी, तंज, उपलब्धियों के दावों और विरोधी दलों पर हमलों से भरपूर रहा। सत्ता और विपक्ष दोनों ने अपनी-अपनी राजनीतिक जमीन मजबूत करने की कोशिश की, वहीं जनता से जुड़े मुद्दों—जैसे सिंचाई, अपराध, शिक्षा, शराब नीति और विकास—पर भी खुलकर चर्चा हुई। इस सत्र ने यह स्पष्ट कर दिया कि आने वाले समय में बेमेतरा जिले की राजनीति और अधिक गर्म रहने वाली है।




# खुले में शराब सेवन और हुड़दंग करने वालों पर पुलिस सख्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

अड्डेबाजी, खुले में शराब सेवन और हुडदंग करने वालों पर पुलिस ने शिकंजा कसना शुरु किया है। एएसपी मणीशंकर चंद्रा ने बताया कि थाना क्षेत्रों में अड्डेबाजी, सार्वजनिक स्थानों पर शराब सेवन करने वालों को के खिलाफ अभियान चलाकर 51 प्रकरण दर्ज किया गया है। पुलिस प्रतिदिन शाम 6 बजे से रात 11:30 बजे तक मोबाइल पेट्रोलिंग के माध्यम से बाजार, सार्वजनिक स्थलों, संवेदनशील क्षेत्रों में सघन चेकिंग अभियान संचालित किया जा रहा है। पुलिस द्वारा जिले में कानून व्यवस्था बनाए रखने एवं आम नागरिकों को सुरक्षित



वातावरण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से अड्डेबाजी, खुले में शराब सेवन पर कार्रवाई किया जा रहा है। अभियान के तहत मोबाइल पेट्रोलिंग इकाइयों द्वारा प्रमुख बाजार क्षेत्रों, चौक-चौराहों, सार्वजनिक स्थलों, संवेदनशील स्थानों में सघन चेकिंग की जाती है। थाना क्षेत्रों में सुपेला में 12, जामुल 10, छावनी 08, कुम्हारी 04, खुर्सीपार 4, उतई 3, भिलाई नगर 2, पुलगांव 2, वैशाली नगर 2, दुर्ग 2, नगपुरा 2 प्रकरण दर्ज किया गया है।

